हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 19 अक्टूबर 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 कलेक्टर की पहल से जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार की ...



07 क्या हो पाएगा सांदीपनि स्कूल का नए सत्र में पूर्ण रूपेण संचालन !



## खबर संक्षेप



### ग्रीन गरबा महोत्सव की धूम

**सागर।** मां जगदंबे की उपासना आराधना कर विगत कई वर्षों से ग्रीन गरबा महोत्सव का आयोजन लक्ष्मी नारायण गार्डन में सेठ अशोक भाई मणिभाई पटेल के तत्वाधान में किया जा रहा है। जिसमें शहर के नवयुवक युवतियों को गरबा सीखाकर गरबा करने की प्रेरणा देते हैं। निशुल्क किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाता उत्साह बढ़ाने के लिए पुरस्कार भी रखते हैं । इस अवसर पर एकता समिति ने गरबा महोत्सव में जाकर अशोक भाई पटेल का शाल श्रीफल पुष्पहार से अभिनंदन किया अशोक भाई पटेल ने बताया कि यह प्रेरणा मेरी मां लीलाबेन पटेल से प्राप्त हुई। इस अवसर पर सुधीर जैन, शरद गुप्ता, कमलचंद जैन, प्रदीप समैया, संजय शास्त्री, राजेंद्र सोनी, अजीत जैन, निलेश समैया, चंपक भाई जैन, प्रमोद पटेल, अर्चना समैया, वर्षा जैन, नेहा समैया, सीमा गुप्ता, अनीता शास्त्री, रागिनी जैन, खुशबू पटेल ने गरबा कर भाग लिया। अंत में अशोक भाई पटेल ने आभार व्यक्त किया।

### आयुष विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**सागर।** आयुष विभाग द्वारा आदर्श सरस्वती शिशु मंदिर, पोद्दार कॉलोनी सागर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में विद्यार्थियों को संतुलित आहार, उचित दिनचर्या एवं स्वस्थ रहने के आवश्यक उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही जीवन में आयुर्वेद, होम्योपैथी तथा योग एवं प्राणायाम के महत्व के बारे में बताया गया। विद्यार्थियों को स्वस्थ शरीर और बेहतर जीवनशैली के लिए कुछ सामान्य योग अभ्यास भी कराए गए। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें नियमित दिनचर्या, उचित खानपान और योग को जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित करना रहा। शिविर में कुल 95 छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने लाभ प्राप्त किया।

### जिला स्तरीय युवा उत्सव 31 अक्टूबर को

**सागर।** भारत सरकार एवं संचालनालय खेल और युवा कल्याण, मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार खेल और युवा कल्याण विभाग, सागर द्वारा जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 31 अक्टूबर को रविन्द्र भवन सभागार में किया जाएगा। युवा उत्सव में इस वर्ष पेंटिंग, समूह लोकनृत्य, समूह लोकगीत, कविता लेखन एवं नुक्कड़ नाटक सहित कुल पांच विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। समूह लोकनृत्य में केवल हिन्दुस्तानी शैली मान्य होगी। टेप, कैसेट आदि के माध्यम से प्रस्तुति मान्य नहीं की जाएगी। लोकगीत भारतीय गायन पर आधारित तथा क्षेत्रीय भाषा में हो सकते हैं। फिल्मी गीतों का प्रदर्शन मान्य नहीं होगा। युवा उत्सव में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी खेल और युवा कल्याण विभाग, खेल परिसर, सागर से आवेदन फार्म प्राप्त कर 24 अक्टूबर को शाम 5 बजे तक जमा कर सकते हैं। इसके साथ ही माय भारत पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य है। पोर्टल पर पंजीयन के बिना प्रतिभागी युवा उत्सव में भाग नहीं ले सकेंगे। एक प्रतिभागी केवल एक विधा में ही सहभागिता कर सकता है।प्रतिभागी का जिला सागर का मूल निवासी होना अनिवार्य है। आवेदन के साथ मूल निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करनी होगी। प्रतिभागी की आयु संबंधी शर्तों के अनुसार 15 वर्ष से कम तथा 29 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

### दुराचार के बाद युवती को कुएं में धकेलकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

# शादीशुदा होने की बात छिपाकर बनाई पहचान, युवती ने परिजनों को बताने को कहा तो वारदात को दिया अंजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मोतीनगर थाना क्षेत्र में घर से लापता हुई युवती का शव कुएं में मिलने के मामले में पुलिस ने हत्या और दुराचार के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने युवती के साथ दुराचार करने के बाद उसे कुएं में धक्का दे दिया था। युवती द्वारा आरोपी के विवाहित होने की जानकारी परिजनों को देने की बात कहने पर उसने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर 18 अक्टूबर को न्यायालय में पेश किया।

पुलिस के अनुसार, 30 सितंबर को युवती के पिता ने उसके घर से लापता होने की रिपोर्ट मोतीनगर थाने में दर्ज कराई थी। परिजनों ने उसकी तलाश रिश्तेदारों के यहां भी की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। पुलिस ने गुमशुदगी के मामले में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। 10 अक्टूबर को घर से करीब 200 मीटर दूर स्थित कुएं में युवती का शव मिला। शव निर्वस्त्र अवस्था में मिलने के बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता से जांच शुरू की और पोस्टमार्टम कराया।

जांच के दौरान पुलिस ने गांव और आसपास हाईवे निर्माण कार्य में लगे लोगों से



पूछताछ की। इस दौरान पता चला कि निर्माण कार्य में लगा एक युवक घटना के दिन से ही छुट्टी पर चला गया था। पुलिस ने संदेह के आधार पर युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उसकी पहचान अजय कुमार (19), निवासी ग्राम ढमक, थाना अमिलिया, जिला सीधी के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में उसकी संलिप्तता सामने आने पर प्रकरण में दुराचार, हत्या और एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम की संबंधित धाराएं बढ़ाई गईं।

#### विवाह की बात छिपाने पर हुआ विवाद

पुलिस के मुताबिक, आरोपी की युवती से करीब 15 से 20 दिन पहले पहचान हुई थी और दोनों के बीच बातचीत होने लगी थी। युवती ने जब आरोपी से उसके विवाहित होने के बारे में पूछा, तो उसने शादी की बात छिपाई। घटना की रात आरोपी ने युवती को घर के बाहर बुलाया और उसके साथ दुराचार किया। इसी दौरान युवती के परिजन उसकी तलाश करने लगे। पुलिस के अनुसार, युवती ने आरोपी से विवाह करने की बात कही और उसके विवाहित होने की जानकारी सामने आने पर अपने तथा आरोपी के परिजनों को बताने की बात कही। इसी से घबराकर आरोपी ने कथित तौर पर युवती को जान से मारने की नीयत से कुएं में धक्का दे दिया और उसके कपड़े भी कुएं में फेंक दिए। इसके बाद वह अपने शिविर में जाकर सो गया और बाद में सीधी चला गया।

#### पुलिस टीम की रही अहम भूमिका

पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया एवं नरेंद्र सोलंकी के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक ललित कश्यप के नेतृत्व में कार्रवाई की गई।

मोतीनगर थाना प्रभारी निरीक्षक जसवंत राजपूत, उपनिरीक्षक जय सिंह, पीडी ठाकुर, सहायक उपनिरीक्षक गोकुल पांडेय सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्यों की मामले के खुलासे में महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। मामले में आगे की विवेचना और वैधानिक कार्रवाई जारी है।



### संस्कार रंग गरबा महोत्सव आयोजन संपन्न, 11वें वर्ष में भी दिखा उत्साह और संस्कृति का संगम

**सागर।** अमन मैरिज गार्डन में आयोजित संस्कार रंग गरबा महोत्सव के पांच दिवसीय आयोजन का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ। आयोजन के 11वें वर्ष में भी प्रतिभागियों और गरबा प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। पूरे आयोजन के दौरान गरबा की रंग-बिरंगी प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति, परंपरा और भक्ति का मनमोहक संगम नजर आया। समापन अवसर पर एसपी एवं एडिशनल एसपी ने कार्यक्रम में शामिल सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और संस्कार रंग गरबा आयोजक मंडल के प्रयासों की सराहना की। अधिकारियों ने इस तरह के सांस्कृतिक आयोजनों को सामाजिक एकता, आपसी सद्भाव और भारतीय परंपराओं को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। संस्कार रंग गरबा महोत्सव को सफल बनाने में आयोजक मंडल के राम सिंह ठाकुर, पवन चौरसिया, रोहित पचकोड़ी चौरसिया, श्रेयांश चौरसिया, रूपा राज एवं राहुल पचकोड़ी चौरसिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन के संरक्षक कपिल स्वामी एवं पूर्व पार्षद सीताराम पचकोड़ी चौरसिया का भी मार्गदर्शन और सहयोग रहा। पांच दिनों तक चले इस महोत्सव का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। 11 वर्षों से निरंतर आयोजित हो रहा संस्कार रंग गरबा महोत्सव शहर की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने और नई पीढ़ी को भारतीय परंपराओं से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।



### संभागीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में सांदीपनि विद्यालय रहली का शानदार प्रदर्शन

**रहली।** छतरपुर में 14 से 16 अक्टूबर तक आयोजित 70वीं संभागीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में शासकीय सांदीपनि विद्यालय रहली के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्थान बनाया। 19 वर्ष बालक-बालिका वर्ग की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आगामी माह छतरपुर में आयोजित होगी। बालक वर्ग में आदित्य नामदेव ने 400 मीटर दौड़ और 4×400 मीटर रिले, दीपू नामदेव ने ऊंची कूद, रामरतन बंसल ने लंबी कूद व 100 मीटर दौड़ तथा वेदांश तिवारी ने तवा फेंक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सुमित लोधी 3000 मीटर दौड़ में द्वितीय और प्रशांत प्रजापति क्रॉस कंट्री में तृतीय रहे। अमित अहिरवार और सूरज राजपूत ने सेपक टाकरा में भाग लिया। बालिका वर्ग में निशा पटेल ने 80 मीटर बाधा दौड़ और तवा फेंक में प्रथम तथा ऊंची कूद में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रक्षा गौंड ने 200 मीटर दौड़ और दोनों रिले स्पर्धाओं में प्रथम स्थान हासिल किया। भूमिका साहू ने 4×100 मीटर रिले में प्रथम और लंबी कूद में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वैष्णवी राजपूत ने 400 मीटर दौड़ और 4×100 मीटर रिले, जबकि रुकसार खान ने दोनों रिले स्पर्धाओं में प्रथम स्थान हासिल किया। खुशी सेन ने 3000 मीटर पैदल चाल और 1500 मीटर दौड़ में सहभागिता की।खिलाड़ियों की इस उपलब्धि को विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण बताते हुए कहा गया कि उनका प्रदर्शन अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है।



### माता हरसिद्धि मंदिर परिसर में देर रात तक गूंजे भक्ति और संगीत के सुर

**सागर।** नवरात्रि के पावन पर्व पर लोकप्रिय दुर्गा उत्सव समिति बण्डा के तत्वावधान में शनिवार, 17 अक्टूबर को वार्ड क्रमांक 6 स्थित माता हरसिद्धि मंदिर परिसर में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। देर रात तक चले कार्यक्रम में कलाकारों ने अपनी गायकी और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से ऐसा समां बांधा कि श्रद्धालु और दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। पूरे परिसर में उत्साह और उल्लास का माहौल बना रहा। कार्यक्रम समिति अध्यक्ष एवं समन्वयक एडवोकेट पुष्पेन्द्र अहिरवार की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इसमें मुख्य अतिथि जिला अधिवक्ता संघ सागर के अध्यक्ष डॉ. अंकलेश्वर दुबे (अन्नी), विशिष्ट अतिथि सरस्वती शिशु मंदिर बण्डा के अध्यक्ष एडवोकेट श्यामकिशोर नामदेव तथा विशेष अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष रुपेश रोशन खरे उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉ. अभय कुमार ने किया। सरस्वती म्यूजिकल ग्रुप के माध्यम से गायक रुचि सोनी, एडवोकेट कमल रोहितास, एडवोकेट हेमंत तोमर और राम रावत सहित अन्य कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। मधुर गायन और शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों पर उपस्थित लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और नगरवासियों ने कार्यक्रम का आनंद लिया। कार्यक्रम समन्वयक एडवोकेट पुष्पेन्द्र अहिरवार ने कहा कि सांस्कृतिक आयोजन हमारी लोक परंपराओं, कला और सामाजिक एकता को मजबूत करने का माध्यम हैं। नवरात्रि के अवसर पर इस कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र में सांस्कृतिक चेतना बढ़ाने के साथ आपसी भाईचारे और सद्भाव को प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर एडवोकेट आशीष अहिरवार, हिमांशु लारिया, शिक्षक पूरनलाल अहिरवार, पार्षद प्रतिनिधि उमेश अहिरवार, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष नितिन वाल्मीकि, अरविंद महदेले और भागवत प्रसाद अहिरवार सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# महिला किसान दिवस पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

#### उन्नत कृषि पद्धतियों आधुनिक तकनीकों और प्राकृतिक खेती की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, जिला सागर के अंतर्गत आत्मा परियोजना के तत्वावधान में ग्राम सेमरादांत, विकासखंड बंडा में अंतर्राष्ट्रीय महिला किसान वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में महिला किसान दिवस पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 140 महिला कृषकों एवं ग्रामीणजनों ने सह भागिता की।

कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा महिला किसानों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। विशिष्ट अतिथि शैलेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि देश और प्रदेश के विकास में महिला किसानों का योगदान अतुलनीय है। सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। किसान मोर्चा के जिला मंत्री रजनीश सैनी एवं जिला कार्यालय मंत्री रजनीश यादव ने भी महिला किसानों को शासन की किसान कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।



मुख्य प्रशिक्षक कृषि विज्ञान केंद्र देवरी, सागर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. आशीष त्रिपाठी ने महिला किसानों को उन्नत कृषि पद्धतियों, आधुनिक तकनीकों, जैविक खेती और कौशल विकास की जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं को आत्म निर्भर बनने तथा कृषि गतिविधियों को व्यावसायिक स्तर पर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। विकासखंड तकनीकी प्रबंधक शैलेष पाण्डेय ने समूह निर्माण एवं प्राकृतिक खेती के संबंध में जानकारी दी। मानव विकास सेवा संघ के परियोजना समन्वयक चंद्र किशोर नरवर ने महिला सशक्ति करण और आजीविका संवर्धन से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी। फील्ड असिस्टेंट दिनेश नामदेव एवं एनिमेटर वीरेन रजक ने प्रशिक्षण में सहयोग प्रदान किया।

#### लेखा प्रशिक्षणार्थियों की विभागीय परीक्षा 29 नवंबर को

सागर। आयुक्त कोष एवं लेखा मप्र भोपाल के निर्देश पर लेखा प्रशिक्षण शाला के प्रशिक्षणार्थियों की विभागीय परीक्षा वर्ष 2026 का आयोजन 29 नवंबर को यूआईटी, राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल में किया जाएगा। आदेश के अनुसार सागर संभाग के समस्त कार्यालय प्रमुख नियमित रूप से लेखा प्रशिक्षण प्राप्त लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारियों के परीक्षा आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र में भरवाकर 13 अक्टूबर को शाम 6 बजे तक कार्यालय प्राचार्य लेखा प्रशिक्षण शाला सागर में स्वयं उपस्थित होकर जमा कराना सुनिश्चित करें।



### रहली में गरबा महोत्सव ने विद्यालय परिसर को भक्ति उल्लास और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कर दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली

सांदीपनि विद्यालय रहली में नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर गरबा महोत्सव 2026 का भव्य एवं रंगारंग आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राथमिक व माध्य.विभाग की लगभग 100 छात्राओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित होकर आकर्षक गरबा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी।कार्यक्रम में प्राचार्य व मुख्य अतिथि सहायक संचालक स्वाति दुबे, पूर्व प्राचार्य विजय पचौरी द्वारा भारत माता व नौ देवी कन्याओं का पूजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नौ देवी स्वरूप सज्जा रहा, जिसमें छात्राओं ने मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का सुंदर एवं आकर्षक रूप प्रस्तुत किया। डांस टीचर शालिनी दुबे के मार्गदर्शन में छात्राओं ने शानदार नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों एवं दर्शकों का मन मोह लिया। पारंपरिक गरबा संगीत, रंग-बिरंगी पोशाकों और उत्साहपूर्ण वातावरण ने पूरे परिसर को भक्तिमय बना दिया।कार्यक्रम का विशेष आकर्षण छात्रा अमृता दुबे की महाकाली नृत्य प्रस्तुति रही। मां महाकाली के रौद्र एवं दिव्य स्वरूप को जीवंत करते हुए अमृता ने अपने प्रभावशाली अभिनय, भाव-भंगिमाओं और शानदार नृत्य से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के संयोजक व प्रभारी नीरज नेमा ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता,भारतीय संस्कृति, लोक परंपराओं, सामूहिक सहभागिता, आत्मविश्वास एवं रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना है। शिक्षक उमेश वैद्य ने नवरात्र का अध्यात्मिक महत्व बताया।

प्राचार्य दिलीप चौबे ने कहा कि कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और संस्कारों को सहेजने एवं नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम भी है।शिक्षिका अंजना चौरसिया ने कार्यक्रम कुशल संचालन किया। इस अवसर विद्यालय का समस्त स्टॉफ व बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

### श्री शांतिनाथ जैन मंदिर, बालक हिल व्यू में आयोजित हुआ क्षमावाणी पर्व समारोह

# वर्तमान समय में क्षमावाणी पर्व विश्व स्तर पर मनाए जाने की आवश्यकता : विधायक शैलेंद्र कुमार जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

श्री शांतिनाथ जैन मंदिर, बालक हिल व्यू में जैन समाज द्वारा क्षमावाणी पर्व का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि क्षमावाणी पर्व वास्तव में हृदय की मलिनता को दूर कर मन को निर्मल बनाने वाला पर्व है। यह पर्व हमें आपसी वैमनस्य, कटुता और मनमुटाव को भुलाकर प्रेम, सद्भाव एवं भाईचारे के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देता है। विधायक जैन ने रहीम के प्रसिद्ध दोहे "क्षमा बड़न को चाहिए, छोटन को उत्पात। कहि रहीम हरि को घट्यो, जो भृगु मारी लात॥" का उदाहरण देते हुए कहा कि क्षमा वीरों का आभूषण है। सच्चा साहसी व्यक्ति वही होता है, जो अपनी भूल स्वीकार कर क्षमा मांगने और दूसरों की गलतियों को क्षमा करने का सामर्थ्य रखता है। उन्होंने कहा कि क्षमावाणी पर्व की सार्थकता तभी है, जब हम उन लोगों से भी संवाद स्थापित करें, जिनसे लंबे समय से हमारी बातचीत बंद है। हमें अपने



मन के अहंकार और द्वेष को त्यागकर रिश्तों में मधुरता लाने का प्रयास करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में विश्व अनेक प्रकार के संघर्षों, तनावों और आपसी वैमनस्य से गुजर रहा है। ऐसे में क्षमावाणी पर्व का संदेश केवल समाज या देश तक सीमित न रहकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहुंचना चाहिए। यदि विश्व के लोग क्षमा, करुणा और अहिंसा के सिद्धांतों को अपनाएं, तो अनेक विवादों और संघर्षों का समाधान संभव है।

कार्यक्रम का आयोजन समाज के अध्यक्ष चक्रेश जैन हिन्नोद वालों के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों इंजीनियर महेश जैन, प्रो. अभय कुमार सिंघई, चक्रेश जैन पारस फ्रैक्चर, डॉ. विमल जैन एवं अमरीश सिंघई ने भी क्षमावाणी पर्व के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम में स्वागत भाषण देते हुए डॉ. नलिन निर्मल ने सधर्मी बंधुओं की सराहना की तथा अपनी कविता "जाने-अनजाने में"का गायन किया। वहीं, प्रो. अमर कुमार जैन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि संसार में मां का स्थान सबसे अधिक क्षमाशील और ममतामयी होता है। मां अपने बच्चों की गलतियों को सहजता से क्षमा कर देती है। उनका यह भाव क्षमा के महत्व और उसकी आत्मीयता को दर्शाता है।

कार्यक्रम में ममता, चंद्रकांता, जयंत, अरविंद जैन, दीपक सिंघई सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त डॉ. आशीष जैन, विकास जैन, मनोज जैन, मुकेश, उपाध्यक्ष प्रमोद जैन, सचिव अनिल जैन, सहसचिव प्रियंक जैन, डॉ. आर.के. जैन, अजय सर्राफ, डी.के. जैन, पार्षद हेमंत यादव, शुभम जैन, के.सी. जैन एवं मोती लाल जैन की उपस्थिति रही।

### 15 दिन में शुरू होगा विद्युत सब स्टेशन, 24 घंटे बिजली आपूर्ति

# कलेक्टर की पहल से जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार की जागी उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिला अस्पताल में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने और अस्पताल की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा लगातार किए जा रहे प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। मरीजों को उपचार के दौरान होने वाली परेशानियों को दूर करने, जरूरी जांच सेवाओं को निर्बाध बनाए रखने, स्वच्छता व्यवस्था सुधारने और अस्पताल परिसर को सुविधाजनक बनाने की दिशा में जिला चिकित्सालय रोगी कल्याण समिति ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। इन निर्णयों के क्रियान्वयन से जिला अस्पताल में बिजली आपूर्ति, साफ-सफाई, शौचालयों, भवनों के रखरखाव और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली में सुधार की उम्मीद है।



## 15 दिन में विद्युत सब स्टेशन होगा समर्पित

अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण निर्णय जिला अस्पताल के लिए विद्युत सब स्टेशन को लेकर लिया गया है। इसे आगामी 15 दिनों में चालू करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए विद्युत ट्रांसमिशन एवं वितरण कंपनी, इलेक्ट्रिकल सेफ्टी विभाग तथा लोक निर्माण विभाग की ईएनएम शाखा को अपनी-अपनी आवश्यक औपचारिकताएं एक सप्ताह के भीतर पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी प्रक्रियाएं समय पर पूरी होने के बाद सब स्टेशन शुरू करने की दिशा में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## 24 घंटे बिजली मिलने से जांच सेवाओं को मिलेगी राहत

जिला अस्पताल में निर्बाध बिजली आपूर्ति स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बेहद जरूरी है। बिजली की उपलब्धता प्रभावित होने पर सीटी स्कैन जैसी महत्वपूर्ण जांच मशीनों के संचालन पर भी असर पड़ सकता है। ऐसे में अस्पताल के लिए समर्पित विद्युत सब स्टेशन शुरू होने से 24 घंटे बिजली आपूर्ति बनाए रखने में मदद मिलेगी। इससे मरीजों को जरूरी जांचों के लिए बिजली संबंधी व्यवधान का सामना नहीं करना पड़ेगा और उपचार व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में सहूलियत होगी। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा इस दिशा में लगातार प्रयास किए जाने के बाद रोगी कल्याण समिति ने सब स्टेशन को जल्द चालू कराने के लिए समयसीमा तय की है। अब संबंधित विभागों की जिम्मेदारी होगी कि वे निर्धारित समय में औपचारिकताएं पूरी कर इस महत्वपूर्ण व्यवस्था को धरातल पर उतारें।

## जन शीतल आश्रय में शुरू होगी कैंटीन

मरीजों और उनके परिजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिला अस्पताल के जन शीतल आश्रय में कैंटीन शुरू करने का भी निर्णय लिया गया है। वृद्धाश्रम में सेवाएं देने वाली संस्था को प्रायोगिक तौर पर कैंटीन संचालन की जिम्मेदारी दी जाएगी। इससे अस्पताल आने वाले लोगों को परिसर में ही आवश्यक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने की सुविधा मिल सकेगी। कैंटीन का संचालन शुरू होने से मरीजों के परिजनों को भोजन और अन्य आवश्यक वस्तुओं के लिए अस्पताल परिसर से बाहर जाने की परेशानी से राहत मिलने की उम्मीद है।

## शौचालयों का पुनर्निर्माण, लीकेज छतों पर वाटरप्रूफिंग

जिला अस्पताल के भवनों के रखरखाव और मरीजों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कुछ शौचालयों का पुनर्निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा अस्पताल की जिन छतों से पानी टपकने की समस्या है, उन सभी छतों पर वाटरप्रूफिंग कराई जाएगी। इससे बारिश के दौरान होने वाली परेशानी को कम करने और भवनों की स्थिति सुधारने में मदद मिलेगी। अस्पताल में शौचालयों की बेहतर व्यवस्था और भवनों का नियमित रखरखाव मरीजों की सुविधा के साथ-साथ स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है। इन कार्यों के पूरा होने से अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को अधिक सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराया जा सकेगा।

## अच्छा काम करने वाले को मिलेगा प्रोत्साहन

जिला अस्पताल में सुविधाओं के विकास के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवाओं में कार्यरत कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाने पर भी ध्यान दिया गया है। इसके तहत अच्छा काम करने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। बेहतर सेवाएं देने वाले कर्मचारी को एम्प्लॉई ऑफ द मंथ के रूप में चिन्हित कर पुरस्कृत करने का निर्णय लिया गया है। इस पहल का उद्देश्य कर्मचारियों में जिम्मेदारी, सेवा भावना और कार्य के प्रति समर्पण को बढ़ावा देना है। अस्पताल में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए केवल संसाधनों का विकास ही नहीं, बल्कि कर्मचारियों की जवाबदेही और मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार भी महत्वपूर्ण है। ऐसे में अच्छे कार्यों को पहचानकर सम्मानित करने की व्यवस्था स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने में सहायक हो सकती है।

## कचरा प्रबंधन पर रहेगा विशेष ध्यान, रोजाना उठेगा कचरा



जिला अस्पताल में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कचरा संग्रहण क्षेत्र को शेड से ढकने का निर्णय लिया गया है। इसका उद्देश्य कचरे से उठने वाली दुर्गंध को बाहर फैलने से रोकना और अस्पताल के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखना है। इसके साथ ही नगर पालिका द्वारा अस्पताल से प्रतिदिन कचरा उठाया जाएगा। कचरा उठाने की कार्रवाई की पुष्टि के लिए जियोटैग फोटो के माध्यम से रिपोर्ट भी प्रस्तुत की जाएगी। इससे सफाई व्यवस्था की निगरानी करने और नियमित कचरा उठाव सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। अस्पताल परिसर में स्वच्छता बनाए रखना इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज और उनके परिजन पहुंचते हैं। ऐसे में कचरे का समय पर निष्पादन और दुर्गंध पर नियंत्रण मरीजों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में अहम कदम साबित हो सकता है।

### केंद्र को मानकों के अनुरूप संचालित करने पर जोर

# कचरा प्रबंधन में लापरवाही नहीं चलेगी

### कलेक्टर ने ट्रेंचिंग ग्राउंड का किया निरीक्षण

**लेगेसी वेस्ट के निस्तारण से लेकर गीले कचरे की खाद बनाने तक व्यवस्था सुधारने के निर्देश**



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने और ठोस अपशिष्ट का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने बल्देवगढ़ स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड एवं कचरा प्रसंस्करण केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में संचालित कचरा प्रबंधन व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए साफ-सफाई से लेकर कचरे के पृथक्करण, प्रसंस्करण, पुनर्चक्रण और सुरक्षित निस्तारण तक की व्यवस्थाओं को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि कचरा प्रबंधन केंद्र का संचालन निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जाए, ताकि अपशिष्ट का उचित निस्तारण हो और स्वच्छता व्यवस्था में प्रभावी सुधार आ सके।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रोत्रिय ने केंद्र परिसर में व्यापक साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा लंबे समय से एकत्रित लेगेसी वेस्ट का नियमानुसार निस्तारण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कचरे का उचित प्रबंधन नहीं होने से स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित होती है। इसलिए परिसर में जमा पुराने कचरे का निस्तारण प्राथमिकता से किया जाए और भविष्य में कचरे का अनावश्यक जमाव न होने दिया जाए। कलेक्टर ने गीले एवं सूखे कचरे का निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पृथक्करण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कचरे को अलग-अलग करके उसका उचित प्रसंस्करण और पुनर्चक्रण किया जाना चाहिए, ताकि उपयोगी सामग्री को दोबारा इस्तेमाल में लाया जा सके और अनुपयोगी अपशिष्ट का सुरक्षित निस्तारण हो।

उन्होंने सीएंडडी वेस्ट यानी निर्माण एवं विध्वंस से निकलने वाले मलबे को अन्य कचरे से अलग रखने तथा गीले कचरे से जैविक खाद तैयार करने की व्यवस्था को प्रभावी बनाने पर जोर दिया। इससे कचरे का उपयोगी रूपांतरण करने और पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों को कम करने में मदद मिल सकती है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने एफएसटीपी (फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट) का नियमित एवं व्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही एमआरएफ (मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) केंद्र को निर्धारित मानकों के अनुरूप तैयार कर विधिवत क्रियाशील बनाने को कहा। एमआरएफ केंद्र के माध्यम से पुनर्चक्रण योग्य सामग्री को अलग कर उसका उचित प्रबंधन किया जा सकता है। वहीं, एफएसटीपी के व्यवस्थित संचालन से मल-कीचड़ के सुरक्षित उपचार और निस्तारण में मदद मिलती है। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन व्यवस्थाओं को केवल औपचारिकता तक सीमित न रखते हुए प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने नवीन सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स, 2026 के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कचरे के पृथक्करण, प्रसंस्करण, पुनर्चक्रण और सुरक्षित निस्तारण की व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त करने को कहा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निरीक्षण के दौरान सामने आए बिंदुओं पर आवश्यक कार्रवाई की जाए और कचरा प्रबंधन केंद्र को सुव्यवस्थित तरीके से संचालित किया जाए।

# विसर्जन मार्गों पर बिजली विभाग अलर्ट, ऊंचे किए जा रहे तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

दुर्गा प्रतिमाओं के परिवहन के दौरान बिजली के तारों के चलते देश में घटित हुये हादसों से सबक लेते हुये टीकमगढ़ जिले में विसर्जन से पूर्व विद्युत विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। देश में घटित हुए हादसों में प्रतिमाओं के मुकुट और अन्य हिस्सों के हाईटेंशन लाइनों के संपर्क में आने से आग लगने तथा लोगों के करंट की चपेट में आने की घटनाओं को देखते हुए टीकमगढ़ जिले में विद्युत विभाग विसर्जन जुलूसों के निर्धारित मार्गों पर विद्युत लाइनों की ऊंचाई बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने में जुटा है। इसके लिए लैडर वाहन की मदद से सड़कों के ऊपर से गुजरने वाली विद्युत लाइनों की जांच की जा रही है और जहां तार निर्धारित ऊंचाई से नीचे पाए जा रहे हैं, वहां सुधार कार्य कराया जा रहा है। दरअसल, इसी वर्ष मध्यप्रदेश के खंडवा जिले में इंदौर-इच्छापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मोकलगांव के पास दुर्गा प्रतिमा के परिवहन के दौरान गंभीर हादसा सामने आया था। बुरहानपुर से ट्रैक्टर-ट्रॉली में रखकर खंडवा के तालपछार क्षेत्र ले जाई जा रही



मां दुर्गा की विशाल प्रतिमा का मुकुट 11 केवी की हाईटेंशन विद्युत लाइन से टकरा गया था। तार के संपर्क में आते ही करंट फैल गया और प्रतिमा की चुनरी में आग लग गई, जिससे वह झुलसकर काली पड़ गई थी। इस घटना में ट्रॉली पर सवार चार युवक गंभीर रूप से झुलस गए थे, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसी तरह बिहार के सीवान शहर में भी दुर्गा पूजा की तैयारियों के दौरान हादसा हुआ था। सराय थाना क्षेत्र में शांति वट वृक्ष के समीप पूजा पंडाल की सजावट और प्रतिमा स्थापना की तैयारी करते समय एक युवक जीवित विद्युत तार की चपेट में आ गया था। करंट लगने के बाद उसे तत्काल सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। देश में हुये इन हादसों से सबक लेते हुए टीकमगढ़ जिले में विद्युत विभाग ने विसर्जन मार्गों पर सुधार कार्य शुरू कर दिया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, दुर्गा उत्सव के तहत प्रतिमाओं के विसर्जन जुलूस के लिए निर्धारित मार्गों पर विद्युत लाइनों का आवश्यक रखरखाव किया जा रहा है। लैडर वाहन की सहायता से मार्गों का निरीक्षण कर 18 फीट से अधिक ऊंचाई तक पहुंचकर लाइनों की स्थिति और ऊंचाई की जांच की जा रही है। जहां उपभोक्ताओं की सर्विस लाइनें निर्धारित मानकों के अनुरूप ऊंचाई पर नहीं पाई जा रही हैं, वहां उन्हें ऊंचा किया जा रहा है।

विद्युत विभाग का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि दुर्गा प्रतिमाओं को लेकर निकलने वाले जुलूसों के दौरान प्रतिमाओं के मुकुट, सजावट या अन्य हिस्सों के बिजली के तारों से टकराने की आशंका को कम किया जा सके। समय रहते की जा रही इस तैयारी से विसर्जन जुलूसों के दौरान संभावित दुर्घटनाओं को रोकने में मदद मिलने की उम्मीद है।

### सुबह पंचायतों में बैठेंगे पटवारी करेंगे समीक्षा

# स्वामित्व योजना में तेजी लाने कलेक्टर का औचक निरीक्षण, समन्वय बनाकर काम करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

ग्रामीणों को स्वामित्व अधिकार योजना का लाभ दिलाने और दस्तावेजीकरण की प्रक्रिया को समयसीमा में पूरा कराने के लिए प्रशासन ने प्रयास तेज कर दिए हैं। इसी क्रम में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने संबंधित अधिकारियों के साथ ग्राम पंचायत बुड़ेरा, तालमऊ एवं बनैरा का औचक निरीक्षण कर योजना के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने दस्तावेजीकरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि योजना से जुड़े कार्य व्यवस्थित और समयबद्ध तरीके से पूरे किए जाएं, ताकि ग्रामीणों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रोत्रिय ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर स्वामित्व अधिकार योजना के महत्व और इसके अंतर्गत होने वाली दस्तावेजीकरण प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने



ग्रामीणों को बताया कि योजना का लाभ सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक अभिलेखों और दस्तावेजों की प्रक्रिया पूरी करना महत्वपूर्ण है। इसके लिए ग्रामीणों की सहभागिता और प्रशासनिक अमले का सहयोग जरूरी है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने आवश्यक दस्तावेज समय पर उपलब्ध कराएं तथा संबंधित जानकारी देने में पटवारियों का सहयोग करें, जिससे दस्तावेजीकरण की प्रक्रिया में अनावश्यक देरी न हो। कलेक्टर ने संबंधित पटवारियों को निर्देश दिए कि वे ग्रामीणों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सुबह ग्राम पंचायतों में बैठकर स्वामित्व अधिकार योजना से संबंधित दस्तावेजीकरण का कार्य करें। इससे ग्रामीणों को अपने अभिलेखों और दस्तावेजों से जुड़े काम के लिए बार-बार भटकना नहीं पड़ेगा और उन्हें स्थानीय स्तर पर आवश्यक जानकारी मिल सकेगी। पंचायत स्तर पर पटवारियों की उपलब्धता सुनिश्चित होने से ग्रामीणों को दस्तावेजीकरण संबंधी समस्याओं के समाधान में सुविधा मिलेगी। साथ ही, लंबित प्रकरणों की जानकारी लेकर उन्हें समय पर पूरा करने की दिशा में भी काम किया जा सकेगा।

## 11 हजार केवी लाइन का तार टूटकर गिरा, करंट से पांच भैंसों की मौत

**टीकमगढ़।** जिले के जतारा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत हरपुरा के दो किसानों की पांच भैंसों की बिजली का करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना रामगढ़ गांव के खेतों की है, जहां सुबह घास चरने गईं भैंसें अचानक 11 हजार केवी की विद्युत लाइन का तार टूटकर गिरने से करंट की चपेट में आ गईं। हादसे में किसान अनूप सिंह घोष की चार और रामेश्वर घोष की एक भैंस की मौत हो गई। इस घटना से दोनों किसानों को करीब चार लाख रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। पीड़ित किसानों ने जतारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए शासन-प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार, सुबह दोनों किसानों की भैंसें घास चरने के लिए रामगढ़ गांव के खेतों में गई थीं। इसी दौरान अचानक 11 हजार केवी की बिजली लाइन का तार टूटकर नीचे गिर गया। खेत में मौजूद भैंसें इसकी चपेट में आ गईं और करंट लगने से पांचों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के किसान मौके पर पहुंच गए। हादसे में एक साथ पांच भैंसों की मौत से पीड़ित परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। घटना के बाद स्थानीय किसानों ने बिजली कंपनी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में 11 हजार केवी की विद्युत लाइन करीब 60 साल पहले डाली गई थी, जो अब काफी जर्जर हो चुकी है। लाइन के तार कई स्थानों पर कमजोर हैं और उनमें जगह-जगह जोड़ लगे हुए हैं। इसके चलते तार टूटकर गिरने का खतरा बना रहता है। किसानों का कहना है कि क्षेत्र में पहले भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन बिजली लाइनों के रखरखाव पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में पदस्थ बिजली कर्मचारियों द्वारा लाइनों का नियमित और उचित रखरखाव नहीं किया जाता। इसी लापरवाही के कारण तार टूटने जैसी घटनाएं सामने आती हैं।

### दशहरा के बाद ट्रांसफार्मर चालू होने से शहरवासियों और किसानों को मिलेगी राहत

# विधायक के सार्थक प्रयासः जतारा की बिजली व्यवस्था को मिली दोगुनी ताकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जतारा विधानसभा क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था को मजबूत बनाने और आमजन को बेहतर बिजली सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में विधायक हरिशंकर खटीक के प्रयासों से महत्वपूर्ण पहल हुई है। जतारा विद्युत सब स्टेशन की क्षमता में 100 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए 5 एमवीए के पुराने पावर ट्रांसफार्मर के स्थान पर 10 एमवीए क्षमता का नया पावर ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया गया है। करीब एक करोड़ रुपये की लागत से हुए इस कार्य से क्षेत्र की बिजली व्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद है। ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ने से घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ व्यापारियों और किसानों को भी लाभ मिलने की संभावना है। जतारा क्षेत्र में बढ़ते विद्युत भार और बिजली की मांग को देखते हुए लंबे समय से सब स्टेशन की क्षमता बढ़ाने की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इसी जरूरत को ध्यान में रखते हुए विधायक हरिशंकर खटीक ने विद्युत व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रयास किए। इसके परिणामस्वरूप वर्ष 2010 में स्थापित 5 एमवीए क्षमता के पावर ट्रांसफार्मर के स्थान पर अब दोगुनी क्षमता वाला 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। इससे सब स्टेशन की कुल स्थापित ट्रांसफार्मर क्षमता में 100 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

## लो वोल्टेज की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद

जतारा क्षेत्र में बिजली की मांग बढ़ने के साथ विद्युत व्यवस्था पर पड़ने वाले अतिरिक्त भार को संभालना जरूरी हो गया था। विशेषकर लो वोल्टेज की समस्या के कारण घरेलू उपभोक्ताओं को पंखे, कूलर सहित अन्य विद्युत उपकरणों के संचालन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं, कृषि क्षेत्र में भी पर्याप्त और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति किसानों के लिए महत्वपूर्ण है। अब 5 एमवीए के स्थान पर 10 एमवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर स्थापित होने से सब स्टेशन की विद्युत भार संभालने की क्षमता बढ़ेगी। इससे संबंधित फीडरों पर भार प्रबंधन में सुविधा मिलेगी और तकनीकी परिस्थितियों के अनुरूप बिजली आपूर्ति की विश्वसनीयता में सुधार होने की संभावना है।





## दशहरा के बाद शुरू होगा नए ट्रांसफार्मर का संचालन

विद्युत विभाग की कार्यपालन अभियंता सुजाता गौतम ने बताया कि जतारा सब स्टेशन में स्थापित 10 एमवीए क्षमता का नया पावर ट्रांसफार्मर दशहरा के बाद चालू कर दिया जाएगा। इसके बाद क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को अधिक क्षमता के साथ संचालित किया जा सकेगा। इससे शहरवासियों के साथ-साथ किसानों को भी लाभ मिलने की उम्मीद है। ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ने से बढ़ते विद्युत भार को संभालने में मदद मिलेगी। साथ ही भविष्य में बिजली की मांग बढ़ने पर भी आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए अतिरिक्त क्षमता उपलब्ध रहेगी। इससे घरेलू, व्यावसायिक और कृषि उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करने में विद्युत विभाग को सहूलियत मिलेगी।

## करीब एक करोड़ रुपये से मजबूत हुआ विद्युत ढांचा

जतारा सब स्टेशन में ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने के कार्य पर लगभग एक करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। यह निवेश क्षेत्र की विद्युत अधोसंरचना को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पुराने 5 एमवीए ट्रांसफार्मर की जगह 10 एमवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर स्थापित होने से सब स्टेशन की विद्युत भार वहन करने की क्षमता दोगुनी हो गई है। बढ़ती आबादी, घरेलू उपकरणों के बढ़ते उपयोग, व्यावसायिक गतिविधियों और कृषि कार्यों के कारण बिजली की मांग में वृद्धि होती है। ऐसे में विद्युत सब स्टेशनों की क्षमता बढ़ाना जरूरी होता है, ताकि मांग के अनुरूप आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके।

## किसानों व आम उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ

जतारा विधानसभा क्षेत्र में खेती-किसानी से जुड़े उपभोक्ताओं के लिए बिजली आपूर्ति का विशेष महत्व है। कृषि कार्यों के दौरान बिजली की उपलब्धता और वोल्टेज की स्थिति का सीधा असर सिंचाई सहित अन्य गतिविधियों पर पड़ता है। वहीं, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू उपभोक्ताओं को भी निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली की आवश्यकता रहती है। नए ट्रांसफार्मर के चालू होने के बाद बिजली की बढ़ी हुई मांग को संभालने में मदद मिलने की उम्मीद है। इससे विद्युत विभाग को संबंधित फीडरों पर भार का बेहतर प्रबंधन करने में सुविधा मिलेगी। हालांकि, उपभोक्ताओं को वास्तविक राहत देने के लिए ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि के साथ वितरण लाइनों, फीडरों और अन्य तकनीकी व्यवस्थाओं का दुरुस्त रहना भी जरूरी होगा।

## विधायक के प्रयासों से विकास को मिली नई गति

विधायक खटीक के प्रयासों से सब स्टेशन की क्षमता में की गई वृद्धि को क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। बिजली आज घरेलू जरूरतों से लेकर व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और कृषि तक प्रत्येक क्षेत्र की अनिवार्य आवश्यकता बन चुकी है। ऐसे में विद्युत व्यवस्था का मजबूत होना क्षेत्र के समग्र विकास के लिए भी जरूरी है। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। जतारा सब स्टेशन में 10 एमवीए क्षमता का नया ट्रांसफार्मर स्थापित होना इसी दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

### सरकार ने निकाली वेकेंसी, इधर भवन पड़ा अधूरा

# क्या हो पाएगा सांदीपनि स्कूल का नए सत्र में पूर्ण रूपेण संचालन!

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाले सांदीपनि स्कूल (सीएम राइज) का श्योपुर जिला मुख्यालय पर पूर्ण रूपेण संचालन फिलहाल संशय में दिखाई दे रहा है। हालांकि स्कूल को वर्तमान सत्र 2026-27 में ही संचालित हो जाना चाहिए था लेकिन भवन अधूरा होने के कारण तिथि चेतावनी के साथ आगामी सत्र 2027-28 बढ़ा दी गई थी। इस बार भी जिस तरह भवन का काम कछुआ गति से चल रहा है उससे लगता नहीं की नए सत्र में भी इस भवन में स्कूल संचालित हो सकेगा। जिससे श्योपुर जिले के बच्चे गुणवत्ता युक्त शिक्षा की सौगात से वंचित रह सकते हैं।

हालांकि नए भवन में स्कूल संचालन के लिए सरकार ने प्रिंसिपलों के पदों पर वेकेंसी निकाल दी है जिसके फार्म भी स्थानीय शिक्षकों द्वारा भरे जा चुके हैं। लेकिन अगर भवन ही तैयार नहीं हुआ तो ये सारी तैयारी धरी की धरी भी रखी रह सकती हैं।

प्रदेश सरकार ने सांदीपनी विधालयों के आसपास लगने वाले सरकारी प्राथमिक स्कूलों को सांदीपनी विधालय में मर्ज करने का फैसला लिया है। इस दायरे में वो विधालय आ रहे जिनके नए भवन बनकर तैयार हो चुके हैं। इस क्रम में प्रदेश के जिन विद्यालयों का भवन बनकर तैयार हो चुका था और उन्होंने बीते सत्र में इस निर्देश को नहीं माना था उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे कि इस बार ना सत्र में हर हाल में आसपास के प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों को शत प्रतिशत दाखिला सांदीपनी विधालय में कराए जाए। इस क्रम में श्योपुर जिला मुख्यालय पर बना सांदीपनि विद्यालय को भी नोटिस जारी किए गए थे। इसके बाद अनुमान लगाया गया था कि आगामी सत्र 2027-28 में स्कूल नए भवन में संचालित हो जायगा लेकिन जिस तरह काम की धीमी गति चल रहा है उससे लगता नहीं कि इस सत्र में भी स्कूल नए भवन में शिफ्ट होगा। हालांकि कलेक्टर शीला दाहिमा विगत दिनों स्कूल पहुंची थी जहां उन्होंने निर्माण में तेजी लाने के निर्देश भी दिए थे।




### 10 से कम छात्र संख्या वाले स्कूल सांदीपनि में होंगे मर्ज

मध्य प्रदेश सरकार ने ऐसे सरकारी स्कूल जिनमें 10 से कम छात्रों के एडमिशन हैं को सांदीपनि में मर्ज करने का निर्णय लिया है। विगत दिनों विधानसभा में स्कूल शिक्षामंत्री ने सदन में यह जानकारी दी थी। इस संबंध में स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने सदन को जानकारी दे चुके हैं कि प्रदेश में ऐसे सभी स्कूल जिनमें विद्यार्थियों की संख्या 10 से कम है, उन सभी को उनके नजदीक के बड़े स्कूल में मर्ज कर दिया जाएगा।

### 750 छात्रों का अतिरिक्त मिला था टारगेट

शिक्षा विभाग से जुड़े सूत्रों की माने तो बीते साल आसपास के सरकारी प्राथमिक स्कूलों के विद्यार्थियों का शतप्रतिशत मर्ज सांदीपनि विद्यालय में करने के निर्देश दिए गए थे। इस क्रम में अनुमानित छात्र संख्या 750 दर्शाई गई थी। लेकिन भवन तैयार नहीं होने की वजह से यह तैयारी तब अधूरी रह गई थी और अनुमान लगाया जा रहा है कि आगामी सत्र में यह अधूरा काम पूरा कर लिया जाएगा लेकिन जिस गति से स्कूल भवन का निर्माण चल रहा है उसे लगता नहीं की यह काम हो पाएगा।

### इनका कहना है...

विगत दिनों कलेक्टर शीला दाहिमा एक कार्यक्रम में शामिल हुई थी जिन्होंने स्कूल भवन को शीघ्र बनाने की निर्देश दिए थे। सरकार ने भी प्रदेश स्तर पर विद्यालय के लिए प्रिंसिपल, वाइस प्रिंसिपल, माध्यमिक प्रिंसिपल एवं प्राथमिक प्रिंसिपल की वेकेंसी के लिए विज्ञापित निकली है।

अशोक खंडेलवाल
प्रिंसिपल सांदीपनि विधालय श्योपुर

### महिला कांग्रेस पदाधिकारियों के सम्मेलन में जिलाध्यक्ष ने बांटे नियुक्ति पत्र

# महिला शक्ति का कांग्रेस में हमेशा बड़ा योगदान रहा:मांगीलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



महिला शक्ति का कांग्रेस में हमेशा से बड़ा योगदान रहा है। न सिर्फ पार्टी में बल्कि देश के विकास में और राष्ट्र सम्मान में जितना कांग्रेस की महिला नेत्रियों ने योगदान दिया है उतना अन्य पार्टी के पुरुष नेताओं ने नहीं दिया। इसकी बानगी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी है और आज प्रियंका गांधी उनके पद चिन्हो पर चलकर देश और पार्टी की सेवा कर रही हैं। जब-जब सरकार आक्रांता बनी तब तब स्थानीय स्तर पर कांग्रेस की महिलाशक्ति ने आगे बढ़कर उनका प्रतिकार किया और करते रहेंगे ऐसी मुझे उम्मीद है। यह बात महिला कांग्रेस के प्रथम पदाधिकारी सम्मेलन में नियुक्ति पत्र वितरण करने पहुंचे कांग्रेस जिलाध्यक्ष मांगीलाल फौजी ने संबोधन देते हुए कही।

रविवार को जिला कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित हुए महिला कांग्रेस कमेटी पदाधिकारियों के प्रथम सम्मेलन में कांग्रेस जिलाध्यक्ष मांगीलाल फौजी ने महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष कृष्णा राठौर समेत अन्य नव नियुक्त पदाधिकारियों का पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया और नियुक्ति पत्र वितरित कर उनसे पार्टी के प्रति निष्ठापूर्वक कार्य करने का अनुरोध किया। कार्यक्रम में नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन की जिम्मेदारियाँ सौंपते हुए उन्हें शुभकामनाएँ दी गईं। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक झां, अभिलाषा झां, अनुसूचित जाति जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवल सिंह चौबे , जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष हंसराज मीणा तथा जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव अरविंद जाट एवं बृजेश गहरवार जी सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सीएम ने जताया शोक, आर्थिक सहायता और निशुल्क उपचार के निर्देश

# ग्वालियर हादसे में श्योपुर का परिवार भी आया चपेट में, चाचा-भतीजे की मौत





हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

ग्वालियर में शनिवार देर रात घटित हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में श्योपुर जिले के सहसराम गांव निवासी चाचा-भतीजे की मौत हो गई। रात करीब डेढ़ बजे यह हादसा ग्वालियर जिले में चीनौर रोड पर ढलान के पास तब घटित हुआ, जब समय शीतला माता मंदिर में दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालु सड़क किनारे कतार में खड़े थे। इसी दौरान चीनौर की तरफ से आ रहा धान से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर श्रद्धालुओं पर पलट गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। इस हादसे के दौरान श्योपुर जिले की विजयपुर तहसील के ग्राम सहसराम निवासी महेश शर्मा (45), पुत्र मातादीन शर्मा और उनके भतीजे शौर्य शर्मा (15), पुत्र संजय शर्मा की मौत हो गई।

बता दें कि महेश गांव में खेती-किसानी का काम करते थे, जबकि उनके छोटे भाई संजय ग्वालियर में निजी नौकरी करते हैं। महेश अपने निर्माणाधीन मकान को देखने और भाई संजय से मिलने ग्वालियर आए थे। इसी दौरान परिवार के सदस्य शीतला माता मंदिर में दर्शन करने पहुंचे थे। हादसे में हादसे में संजय शर्मा (35) और उनकी पत्नी छाया शर्मा (32) भी घायल हो गए। संजय के पैरों में गंभीर चोट आई है। उनका ग्वालियर के अस्पताल में इलाज चल रहा है। एक ही परिवार के दो सदस्यों की मौत से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिवार के अन्य सदस्यों के घायल होने से उनकी चिंता भी बढ़ गई है। उधर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इस हृदयविदारक हादसे पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रूपए एवं गंभीर रूप से घायलों को 2-2 लाख रूपए तथा अन्य घायलों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता तथा निशुल्क उपचार प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। प्रधानमंत्री राहत कोष से भी ग्वालियर में हुई दुर्घटना में शामिल मृतको और घायलों के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की गई है, जिसमें मृतको को दो-दो लाख रूपये तथा घायलों को 50-50 हजार रूपये सहायता राशि दी जायेगी। सीएम के निर्देश पर श्योपुर के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला एवं कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंषाना भी पीड़ति परिवारों की सहायता के लिए ग्वालियर पहुंचे तथा अस्पताल में घायलों का कुशलक्षेम जाना और उपचार व्यवस्था का जायजा लिया।

### पीड़ित परिवार को रेडक्रॉस के माध्यम से दी आर्थिक सहायता

इधर श्योपुर कलेक्टर शीला दाहिमा द्वारा एसडीएम विजयपुर अभिषेक मिश्रा को निर्देशित किया है कि वे इस दुर्घटना में प्रभावित हुए जिले के सहसराम निवासी पीड़ित परिवार को प्रशासन की और से सभी प्रकार की सहायता और सहयोग उपलब्ध कराये। इसके साथ ही श्योपुर जिले के पीडित परिवार को तात्कालीक रूप से सहायता उपलब्ध कराने के लिए रेडक्रॉस के माध्यम से मृतको के परिजनों को 50-50 हजार तथा घायलों को 25-25 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# छोटे भाई ने बड़े भाई को पीटा, एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर के फक्कड़ चौराहा क्षेत्र में रविवार की सुबह दो भाईयों के बीच विवाद हो गया। विवाद के दौरान छोटे भाई ने अपने ही बड़े भाई की मारपीट कर दी। कोतवाली पुलिस ने इस मामले में मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

कोतवाली पुलिस ने बताया कि शंभूदयाल राव और गिर्राज राव यू तो आपस में सगे भाई हैं। लेकिन रविवार को इनके बीच विवाद बाल्टी और टप लेने की मामूली बात को लेकर कहासुनी हो गई। कहासुनी इतनी अधिक बढ़ गई कि छोटे भाई गिर्राज राव ने गाली गलौच करने के बाद अपने बड़े भाई शंभूदयाल राव की मारपीट कर दी। जिससे वह जख्मी हो गया। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने शंभूदयाल राव की रिपोर्ट पर गिर्राज राव के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

### इधर पत्नी और बेटे के साथ मिलकर छोटे भाई को धुना

शहर के रेगर मोहल्ला निवासी दो भाईयों के बीच भी विवाद हो गया। कोतवाली पुलिस ने बताया कि रेगर मोहल्ला निवासी लोकेन्द्र रेगर जब रविवार को खातौली तिराहे के पास खड़ा था, तभी वहां उसका बड़ा भाई महावीर रेगर अपनी पत्नी निर्मला रेगर और बेटे विजय रेगर के साथ पहुंचा और वहां गाली गलौच करते हुए लोकेन्द्र रेगर की पकड़कर मारपीट कर दी। इस दौरान वहां मौजूद लोगो ने बीच बचाव किया। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस भी पहुंच गई थी। कोतवाली पुलिस ने लोकेन्द्र की रिपोर्ट पर उसके भाई महावीर तथा भाभी व भतीजे पर एफआईआर दर्ज कर ली है।

### वार्ड क्रमांक 13 में मलेरिया एवं डेंगू नियंत्रण सर्वे

**श्योपुर।** कलेक्टर शीला दाहिमा के मार्गदर्शन एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ एसएन बिंदल के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा वार्ड क्रमांक 13 में मलेरिया निरीक्षक श्यामलाल बाथम के नेतृत्व में मलेरिया टीम द्वारा मलेरिया एवं डेंगू नियंत्रण हेतु त्वरित कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान टीम द्वारा 61 घरों में लार्वा सर्वे किया गया, जिसमें 03 कंटेनर लार्वा पॉजिटिव पाए गए। टीम द्वारा अपनी निगरानी में इन कंटेनरों को खाली कर लार्वा नष्ट कराया गया। इसके अतिरिक्त 148 कमरों में पाइरेथ्रम घोल का स्पेस स्प्रे किया गया। घरों के आसपास पानी से भरे गड्ढों, खाली प्लॉटों एवं नालियों में भी कीटनाशक दवा का घोल डाला गया। इस दौरान नागरिकों को मच्छरों से बचाव के लिए जागरूक करते हुए समझाइश दी गई कि वे पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें, सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें तथा घरों के आसपास पानी जमा न होने दें।

### नगरपालिका ने कराई बंजारा डेम की सफाई

# फिर बहुरेंगे दिन बंजारा डेम के या होगी झाड़ूमार कार्यक्रम की औपचारिकता!



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

रविवार को नगर पालिका के सफाई अमले को बंजारा डेम की साफ सफाई करते देख लोग चौक गए। दर्जन भर से अधिक कर्मचारियों ने डेम के ऊपर वर्षों से जमीं काई कचरा इत्यादि को साफ कर चमकाने का काम कर दिया। वर्षों से उपेक्षित पड़े बंजारा डेम को दोबारा से पर्यटक स्थल बनाने की मांग लोग लगातार कर रहे हैं। नगर पालिका के इस कदम से यह उम्मीद फिर जगने लगी है। पर लोग यह भी पूछ भी रहे हैं कि क्या बंजारा डेम दोबारा से पर्यटक स्थल बनेगा या फिर सिर्फ झाड़ मार कार्यक्रम आयोजित कर अभियान बंद कर दिया जाएगा?

### पर्यटन विकास निगम के माध्यम से विकसित हुआ था बंजारा डेम

डेढ़ दशक पहले मीरा रमेश गर्ग की परिषद के समय बंजारा डेम को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया था तब स्थानीय सांसद के रूप में नरेंद्र सिंह तोमर ने इसे चंबल सर्किल में शामिल कराकर मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम के माध्यम से विकसित कराया था। करीब एक करोड़ रुपए लागत से विकसित हुए इस स्थल पर विश्राम गृह कैंटीन की सुविधा विकसित की गई थी। साथ ही छह पैडल बोट के माध्यम से नोका बिहार कराया जा रहा था। लेकिन बाद मीरा रमेश गर्ग के बाद आई परिषदों की उपेक्षा के चलते यह कार्यक्रम ऐसा बंद हुआ कि अभी तक शुरू नहीं हो सका।

# जयकारों के साथ रवाना हुई दुर्गापुरी माता की पैदल यात्रा, नाचते झूमते निकले पैदल यात्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर-ग्वालियर ट्रेन रूट पर स्थित दुर्गापुरी माता के दर्शनों के लिए एक पैदल यात्रा रविवार की सुबह यहां श्योपुर से रवाना हुई। चिंताहरण हनुमान मंदिर से विधिवत पूर्जन-अर्चन के साथ रवाना हुई इस पैदल यात्रा में बड़ी संख्या में शामिल पदयात्री मातारानी के जयकारे लगाते हुए रवाना हुए।

दरअसल शारदीय नवरात्रि के दौरान एक पैदल यात्रा हर साल श्योपुर से दुर्गापुरी माता मंदिर के लिए जाती है। इस साल यह 19 वीं पैदल यात्रा है। रविवार की सुबह चिंताहरण हनुमान मंदिर से रवाना हुई इस पैदल यात्रा में शामिल पैदल यात्री शहर के प्रमुख मार्गो से नाचते झूमते हुए माता के दर्शनो के लिए निकले। जैसे जैसे पैदल यात्रा आगे बढती गई,वैसे वैसे पैदल यात्रियों की संख्या में भी बढती चली गई। चंबल नहर रोड़ होते हुए यह पैदल यात्रा दोपहर मे दुर्गापुरी माता मंदिर पर पहुंची। रास्ते में इस पैदल यात्रा का कई जगह स्वागत किया गया। दुर्गापुरी माता मंदिर पर पैदल यात्रा के पहुंचने के बाद पैदल यात्रियों ने जयकारो के साथ झंडा चढाकर अपनी पैदल यात्रा का समापन किया और मातारानी से क्षेत्र को खुशहाल बनाने और लोगो के दुख हरने की कामना की।



### शहर में निकला संघ का कौमुदी पथ संचलन, जिलेभर में निकलेंगे संचलन

# युवा दुनिया के किसी भी कोने में चले जाएं, मगर अपनी भाषा, वेशभूषा और परंपराओं से जुड़े रहें: जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

युवा भलेही दुनिया के किसी भी कोने में चले गएं, मगर अपनी भाषा, वेशभूषा और अपने राष्ट्र की परंपराओं से जुड़े रहें। इन सांस्कृतिक मूल्यों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाना भी जरूरी है। युवा अपनी क्षमताओं और कौशल का उपयोग समाज व देश के विकास में करे। यह बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शिवपुरी विभाग प्रचारक मनु जैन ने रविवार की देर शाम को शहर के श्री हजारेश्वर मेला मैदान में कौमुदी पथ संचलन से निकलने से पहले आयोजित बौद्धिक कार्यक्रम को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर जिला संघ चालक गिर्राज सर्राफ भी मंच पर आसीन थे।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक मुन जैन ने कहा युवाओं को आधुनिकता और वैश्विक अवसर अपनाने के साथ अपनी भाषा, संस्कृति और पारिवारिक परंपराओं से जुड़े रहना चाहिए और इन मूल्यों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास भी करना चाहिए। जैन ने सामाजिक एकता पर जोर देते हुए कहा कि जातिगत टकराव पैदा करने वाले प्रयासों के प्रति समाज को सतर्क रहना चाहिए। राष्ट्रहित से जुड़े मुद्दों पर जाति और सामाजिक विभाजन से ऊपर उठकर देश की एकता और अखंडता को प्राथमिकता देनी चाहिए।

दरअसल विजयादशमी पर्व के उपलक्ष्य में नगर श्योपुर में बस्ती बार पथ संचलन निकाले जाएंगे। इन पथ संचलनों की तैयारियों के क्रम में रविवार की देर शाम को शहर के मेला मैदान से संघ का कौमुद पथ संचलन निकाला गया। बौद्धिक कार्यक्रम के उपरांत श्री हजारेश्वर मेला मैदान से आरंभ हुआ यह पथ संचलन पटेल चैक, बडौदा रोड, पुल दरवाजा, गणेश बाजार होते हुआ मुख्य बाजार में पहुंचा। पथ संचलन के दौरान तीन समानांतर कतारों में कदम बढ़ाते अनुशासित स्वयं सेवक देशभक्ति गीतों का उद्घोष करते हुए सुपथ की ओर कदम बढाकर लोगों में देश भक्ति का भाव जगाते चल रहे थे। पथ संचलन का नगर में जगह जगह स्वागत किया गया। मुख्य बाजार से पथ संचलन गांधी पार्क, जय स्तंभ चैक, श्री रामतलाई हनुमान मंदिर होते हुए वापस श्री हजारेश्वर मेला मैदान में पहुंचकर सम्पन्न हुआ।



### कल से शुरू होगा पथ संचलनों का सिलसिला

शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में शहर समेत जिलेभर में 20 अक्टूबर से पथ संचलन निकाले जाने का सिलसिला शुरू होगा और 30 अक्टूबर तक पूरे जिले में आरएसएस के द्वारा पथ संचलन निकाले जाएंगे। शहर श्योपुर में जहां बस्तीवार पथ संचलन निकाले जाएंगे,वहीं जिले में मंडल बार पथ संचलनो का आयोजन किया जाएगा। बताया गया है कि जिले के ग्रामीण क्षेत्र में जिन स्थानों पर यह पथ संचलन निकाले जाएंगे,उनमें बडौदा, राजपुरा, आवदा, पांडोला, प्रेमसर, अजापुरा, तुलसेफ, सोईकलां,दांतरदा, मानपुर, ढोढर, ददूनी, कराहल, सेसईपुरा, बरगवां, वीरपुर, रघुनाथपुर, विजयपुर, इकलौद, अगरा, गसवानी शामिल है।

### शहर में निकलेंगे बस्ती वार संचलन

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इन दिनों अपनी स्थापना के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में शताब्दी वर्ष मना जा रहा है। शताब्दी वर्ष के तहत आयोजित कार्यक्रमों की श्रंखला में विजयादशमी पर्व पर शहर में बस्ती बार अलग अलग पथ संचलन निकाले जाएंगे। जिनकी तैयारिया का अभ्यास कौमुदी पथ संचलन के दौरान किया गया। बताया गया है कि शहर श्योपुर को संघ की रचना के अनुसार 9 बस्तियों में विभाजित किया गया है। जिनमें बाल्मिक बस्ती, महावीर बस्ती, हनुमान बस्ती, गुरू गोविंद सिंह बस्ती, विवेकानंद बस्ती, अंबेडकर बस्ती, कबीर बस्ती, गणेश बस्ती और संत रविदास बस्ती शामिल है। 20 अक्टूबर से 30 अक्टूबर के बीच इन सभी बस्तियों में पथ संचलन निकाले जाएंगे। जो अलग अलग तारीखो में निकाले जाएंगे।

# पटरी सेटिंग करते हुए दुर्गापुरी पहुंचा इंजन, देखने के लिए उमड़ी भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

ग्वालियर से श्योपुर तक अमानगेज परिवर्तन के तहत बिछाई जा रही ब्रॉड गेज लाइन का काम रविवार को दुर्गापुरी स्टेशन तक पहुंच गया। पटरिया सेटिंग व्यवस्था करते हुए इंजन के साथ टेक्निकल टीम जब दुर्गापुरी पहुंची तो उसे देखने वालों की भीड़ उमड़ गई। याद रहे कि दुर्गापुरी स्टेशन श्योपुर (बर्धा बुजुर्ग) से पहले दूसरा अंतिम स्टेशन है जो इस रूट के गिरधरपुर स्टेशन से कुछ दूर पहले स्थित है। इससे उम्मीद बंध गई है कि अब शीघ्र ही ब्रॉडगेज ट्रेन श्योपुर तक चालू हो जाएगी।

बता दें कि श्योपुर से ग्वालियर तक चलने वाली नेरोगेज ट्रेन कोरोनाकाल के दौरान 2020 में बंद हो गई थी। तब से लेकर अब तक शुरू नहीं हो सकी है क्योंकि कोरोनाकाल के तत्काल बाद अमानगेज परिवर्तन का काम शुरू हो गया था जिसके तहत पटरिया उखाड़ने का काम पहले चरण में किया गया था और अब अंतिम चरण में पटरिया बिछाने का काम किया जा रहा है। पुल पुलिया बनकर तैयार हो गई हैं। हर गांव में अंडरपास बनाए गए हैं पटरियां वर्धा तक बिछा दी गई हैं। इन पटरीयों को मजबूती प्रदान करने और चेक करने के लिए रविवार को स्पेशल इंजन पहुंचा जिसे दुर्गापुरी स्टेशन पर देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ गई।

### जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक आज

श्योपुर। कलेक्टर शीला दाहिमा की अध्यक्षता में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक 19 अक्टूबर को अपरान्ह 02 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में रबी सिंचाई वर्ष 2026-27 में सिंचाई हेतु नहरों से जल प्रदाय सहित अन्य विषयों की समीक्षा की जाएगी।

### आज 6 ग्रामों में लगेंगे ई-केवायसी शिविर

श्योपुर। ग्रामवासियों के आधारकार्ड, समग्र आईडी एवं ई-केवायसी अपडेट करने के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर शीला दाहिमा ने सभी एसडीएम को निर्देश दिये है कि अपने-अपने अनुभाग क्षेत्र के ग्रामों में आयोजित हो रहे इन शिविरों के दौरान जाति प्रमाण पत्र बनाने एवं फार्मर रजिस्ट्री का कार्य भी किया जायें। सीईओ जिला पंचायत कार्तिकेय जायसवाल द्वारा जारी आदेश के अनुसार 19 अक्टूबर को विजयपुर विकासखण्ड के मढा, मेवरा में, कराहल विकासखण्ड के गढला, झिरन्या में एवं श्योपुर के बेहडावद, जलालपुरा ग्राम में प्रातः 11 बजे से 04 बजे तक शिविर आयोजित होंगे।

### गरबा के साथ पारायण के आयोजन, देवी मां के मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भीड़

# नवरात्रि के पर्व पर शहर में धर्म की अदभुत बयार, आस्था और भक्ति में डूबे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

नवरात्रि का यह पर्व शक्ति और सम्पन्नता की देवी का पर्व है, यह पर्व माता की भक्ति का संदेश लेकर आता है,संपन्नता, खुशहाली और भक्ति के साथ मनाया जाने वाला यह पर्व शहर में बड़े पैमाने पर मनाया जा रहा है, माता की भक्ति के लिए श्रृद्धालु घरों से निकल पड़े हैं। शहर में सड़कों पर भीड़ का अंबार है, शहर से लेकर गांव तक के श्रृद्धालु, देवी मां दर्शनों के लिए झांकियों में पहुचं रहे हैं तो वहीं दूसरी और जिले भर के शक्ति पीठ स्थलों पर श्रृद्धालु माता के दरबार की रज पाने के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं शहर के देवी मां के स्थल श्रृद्धालुओं की आस्था के केन्द्र बनें हैं इन सब के बीच जहां पारायण के पाठ हो रहे हैं,तो दूसरी और महिलाएं गुजरात के प्रसिद्ध गरबा नृत्य में भाग लेकर माता की आराधना कर रही हैं।

शहर में गुजराज की संस्कृति के प्रतीक गरबा के आयोजन जगह जगह हो रहे हैं, एक ओर अग्रवाल पैलेस में तो दूसरी ओर लवकुश मंदिर पर और तीसरी और अमर मैरिज गार्डन में यह गरबा के आयोजन हो रहे हैं। जिनमें महिलाएं, युवतियां और किशोरियां सजधज कर गरबा की पोशाक में हाथ में डांडिया लेकर नजर आ रही हैं। कदमताल मिलाते हुए गरबा की यह संस्कृति अशोकनगर शहर में खूब देखने मिल रही है, गरबा का यह आयोजन आदि शक्ति की आराधना का पर्व है। गरबा के पहले माता की आरती की जा रही है और गरबा के समापन पर शामिल होने वाले श्रृद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया जा रहा है।









### गरबा का दूसरे दिन भी आयोजन हुआ

रजवाड़ी रास गरबा का दो दिवसीय आयोजन अग्रवाल पैलेस में किया गया था, इस आयोजन के दूसरे दिन भी बड़ी संख्या में महिलाएं गरबा खेलते हुए नजर आईं। इस आयोजन में सिर्फ अतिथियों को ही पास प्रदान किए गए थे, विभिन्न कैटेगिरी में गरबा की उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए विजेताओं को पुरूस्कार प्रदान किए गए। इस दौरान गरबा में शामिल होने वाली महिलाएं और युवतियां पूरे समय सेल्फी लेते हुए नजर आईं।



### कई वर्षों से हो रहा है नवरात्रि में पारायण का पाठ

शारदीय नवरात्रि के मौके पर पारायण का पाठ कर नौ दिनों तक माता की आराधना की जाती है, इस तरह के पारायण के पाठ आसमानी माता मंदिर और सराफा बाजार हनुमान मंदिर में चल रहा है, इस पारायण के पाठ की शुरूआत नवरात्रि के पहले दिन से होती है और नवरात्रि के अंतिम दिन नौवी तक चलती है। उसके बाद हवन और भण्डारें के साथ इसका समापन किया जाता है। आसमानी माता मंदिर पर चल रहे इस आयोजन में महाराज धर्मदास बृजेश श्रीवास्तव एडवोकेट, अशोक शर्मा सहित अनेक लोगों द्वारा भक्ति भाव से भाग लिया जा रहा है।

### शहर के देवी मां के मंदिर आस्था के केन्द्र बने

नवरात्रि के पर्व पर शहर में देवी मां के मंदिर श्रृद्धालुओं में आस्था के केन्द्र बने हैं, वैसे तो यहां शीतला माता के दरबार में बड़ी संख्याएं में महिलाए प्रतिदिन माता का अभिषेक करने के लिए पहुंचती हैं और जब माता के दर्शन करने की बात आती है तो श्रृद्धालु माता मंदिर जाना नहीं भूलते। यहां देवी मां की अत्यंत मनोहारी प्रतिमा है जो श्रृद्धालुओं को अपनी ओर आर्कषित करती है, यहां देवी मां के साथ लक्ष्मीनारायण भगवान, गणपति जी, भगवान शिव,रामदरबार, और राधाकृष्ण भगवान, अन्नपूर्णा देवी, बजरंगी बली भगवान की भी आकर्षक प्रतिमाएं हैं जिन्हें देखकर श्रृद्धालु आत्मीय आनंद की अनुभूति प्राप्त करते हैं।

### काली माता के दरबार भी आस्था के केन्द्र बने

शहर में काली माता के दरबार भी नवरात्रि के पर्व में श्रृद्धालुओं में आस्था के केन्द्र बने हैं, शहर में कृषि उपज गल्ला मण्डी के बाहर देवी मां काली माता के रूप में विराजमान हैं। यहां भी श्रृद्धालु माता के दर्शनों के लिए पहुंच रहे हैं। इसी तरह छैलाबाग में भी कालीमाता की बड़े आकार में आकर्षक प्रतिमा हैं यह स्थान भी श्रृद्धालुओं में एक नई उर्जा का संचार करता है। यहां पूरे वर्ष भर श्रृद्धालु पहुंचते हैं और माता के दर्शन करते हैं।

### नवरात्रि के सातवें दिन सात कन्याओं का विधिवत पूजन किया गया

यादव कॉलोनी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्रृद्धालुओं द्वारा नवरात्रि महोत्सव के सप्तम दिवस के अवसर पर सात कन्याओं का विधिवत पूजन किया गया। पंडित किशनलाल मिश्र ने बताया कि आज का दिवस महाकाली के पूजन का दिन था जिसमें कवच अर्गला स्तोत्र कीलक रहस्य का भी वर्णन किया। उन्होंने बताया कि नवरात्रों में मां दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती है इनके शरीर का रंग घने अंधकार के समान है सिर के बाल बिखरे हैं गले में बिजली की तरह चमकने वाली माला है इनके तीन नेत्र हैं दाहिने हाथ की बर मुद्रा से अभय वरदान देने वाली है इनका वाहन गर्धव है नीचे वाले हाथ में कटार लिए हुए हैं। दुर्गा पूजा के सातवें दिन मां कालरात्रि की उपासना का विधान है।

## अष्टमी पर कन्या पूजन के साथ गूंजे राधे-राधे के जयकारे, मातृशक्ति सम्मान का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

शारदीय नवरात्रि की महाअष्टमी के पावन अवसर पर नगर में भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। राधे-राधे प्रभात फेरी मंडल द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी देवी स्वरूप कन्याओं का पांव पखारकर, तिलक-रोली लगाकर विधि-विधान से पूजन किया गया। सुबह 5 बजे मां जागेश्वरी धाम से निकली प्रभात फेरी प्रतिदिन की तरह सुबह ठीक 5 बजे मां जागेश्वरी धाम से राधे-राधे प्रभात फेरी मंडल के भक्त भजन-कीर्तन करते हुए नगर भ्रमण पर निकले। प्रभात फेरी में सबसे आगे देवी स्वरूप छोटी-छोटी कन्याएं चल रही थीं और उनके पीछे मातृशक्ति टोली जयकारे लगाते हुए चल रही थी। ढोलक-मंजीरा और राधे-राधे के मधुर भजनों से पूरा नगर भक्तिमय हो उठा।

नगर भ्रमण करते हुए जब प्रभात फेरी वापस मां जागेश्वरी धाम पहुंची, तो वहां पहले से ही सैकड़ों की संख्या में कन्याएं मौजूद थीं। मंडल के सदस्यों ने सर्वप्रथम सभी कन्याओं के पांव पखारे, उसके पश्चात माथे पर तिलक और रोली लगाकर पुष्प अर्पित किए और आरती कर उनका पूजन किया। कन्या पूजन के पश्चात प्रसादी का वितरण किया गया।

> नवरात्रि केवल उपवास का पर्व नहीं, बल्कि मातृशक्ति को सम्मान देने का पर्व है: भक्त माली

इस अवसर पर राधे-राधे प्रभात फेरी मंडल के प्रमुख सदस्य भक्त माली ने कहा नवरात्रि केवल उपवास का पर्व नहीं, बल्कि मातृशक्ति को सम्मान देने का पर्व है। हमारी सनातन संस्कृति में कन्या को देवी का साक्षात स्वरूप माना गया है। प्रभात फेरी मंडल का उद्देश्य है कि हम अपनी नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और संस्कारों से जोड़ें। सुबह-सुबह प्रभात फेरी निकालने से नगर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और कन्या पूजन से हमें यह सीख मिलती है कि नारी का सम्मान ही सच्ची भक्ति है। मां जागेश्वरी सभी भक्तों पर अपनी कृपा बनाए रखें।

## मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम प्राणपुर निवासी देवीलाल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी दयाराम अहिरवार ने पुरानी रंजिस पर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चिमला निवासी सोना आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सेंधपाल यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम डोंगरा निवासी सुरेश अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हरिसिंह अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## खबर संक्षेप

### नसियर घाटी को संरक्षित वन्यजीव क्षेत्र बनाने की मांग

**ईसागढ़।** अशोकनगर जिले की नसियर घाटी को संरक्षित वन्यजीव क्षेत्र घोषित करने की मांग को



लेकर पर्यावरण प्रेमी एवं समाजसेवी कपिल कुमार शर्मा ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को आवेदन सौंपा। चंदेरी स्थित किला कोठी में सौंपे गए आवेदन में उन्होंने घाटी के वन्यजीवों और प्राकृतिक संपदा के संरक्षण के लिए आवश्यक पहल करने का आग्रह किया। कपिल शर्मा लंबे समय से क्षेत्र में वन्यजीव संरक्षण को लेकर प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने नसियर घाटी में वन्यजीवों की सुरक्षा और उनके प्राकृतिक आवास को सुरक्षित रखने का मुद्दा संबंधित स्तर पर उठाया है। उनका कहना है कि वन्यजीवों के संरक्षण के लिए समय रहते प्रभावी कदम उठाना जरूरी है। आवेदन में मांग की गई है कि वन विभाग के माध्यम से नसियर घाटी का निरीक्षण कर वहां वन्यजीवों की उपस्थिति, जैव विविधता व प्राकृतिक परिस्थितियों का आकलन कराया जाए। इसके बाद नियमानुसार क्षेत्र को संरक्षित वन्यजीव क्षेत्र घोषित करने की संभावनाओं पर विचार किया जाए।

### पुराने राजस्व रिकॉर्ड को ऑनलाइन करने की मांग

**ईसागढ़।** क्षेत्र के पुराने राजस्व अभिलेखों को डिजिटल रूप में उपलब्ध कराने की मांग उठाई गई है। इस संबंध में कपिल कुमार शर्मा ने केंद्रीय मंत्री एवं सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया से ईसागढ़ के संवत 2004 के राजस्व रिकॉर्ड को मध्यप्रदेश भू-अभिलेख विभाग के जीआईएस 2.0 पोर्टल पर ऑनलाइन अपलोड कराने का अनुरोध किया है। आवेदन में बताया गया है कि ईसागढ़ के पुराने राजस्व रिकॉर्ड वर्तमान में ऑनलाइन उपलब्ध नहीं होने के कारण नागरिकों को आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने और भूमि संबंधी पुराने रिकॉर्ड की जानकारी हासिल करने में परेशानी होती है। ऐसे अभिलेख भूमि स्वामित्व, पुराने नामांतरण तथा राजस्व संबंधी मामलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कपिल कुमार शर्मा ने मांग की है कि संबंधित विभाग के माध्यम से पुराने अभिलेखों का परीक्षण कराकर उन्हें डिजिटल स्वरूप में सुरक्षित किया जाए।

### जीएनपीएस में सुबह रावण दहन तो शाम को हुआ गरबा

## ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने में सहायक: थाना प्रभारी



**हरिभूमि न्यूज: बीना।** सीबीएसई गोमती नंदन पब्लिक स्कूल में सांस्कृतिक धरोहर से रूबरू कराने शाला परिसर में रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही गरबा का भी आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों के द्वारा गरबा नृत्य की शानदार प्रस्तुति की गई। रावण दहन विद्यालय प्रांगण में मंत्रोच्चार एवं विधि विधान के साथ किया गया। छोटे छोटे नन्हे मुन्ने बच्चों ने भगवान श्री राम, लक्ष्मण एवं जानकी ने एक साथ खेल मैदान में पहुंचे और रावण दहन की गतिविधि का साक्षी बनने का अवसर प्राप्त किया। विद्यालय के निर्देशक विकास अग्रवाल एवं प्रिंसिपल शिखा अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में इस दिन को बुराई पर अच्छाई की जीत का दिन बताया। उन्होंने आज के संदर्भ में रामायण के हर पात्र की प्रासंगिकता को समझने पर जोर दिया। अंत में विद्यार्थियों ने जोश के साथ जयश्री राम के नारों से विद्यालय का वातावरण राममय बना दिया। रावण दहन से पूर्व छात्रों ने प्रार्थना सभा में इस दिन के महत्व को दर्शाते हुए नाट्य प्रस्तुति दी। गरबा कार्यक्रम का रंगारंग आयोजन- शाम के समय स्कूल परिसर में एक यादगार गरबा उत्सव का आयोजन किया गया। जहां बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों ने मिलकर एक साथ गरबा पूजन के बाद गरबा की थाप और डांडिया की गूंज से पंडाल के माहौल को गुजरात जैसा बना दिया।

थाना प्रभारी अनूप यादव ने संस्थान के डायरेक्टर विकास अग्रवाल एवं प्रिंसिपल शिखा अग्रवाल के साथ दीप प्रज्ज्वलन किया। इसके बाद विभिन्न वर्गों में गरबा का कॉम्पिटिशन हुआ। जिसमें स्कूल के सभी विद्यार्थियों ने अपनी पूरी ऊर्जा और जोश के साथ प्रथम एवं द्वितीय स्थान के लिए गरबा डांस का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों के साथ-साथ विभिन्न वर्गों में शिक्षकों एवं अभिभावकों को भी प्रथम एवं द्वितीय स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर विकास अग्रवाल, प्रिंसिपल शिखा अग्रवाल और मुख्य अतिथि टीआई अनूप यादव ने सभी अभिभावकों और विद्यार्थियों के प्रयास की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने में सहायक है।

## युवा संवाद में छाए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया

**अशोकनगर।** शनिवार का दिन अशोकनगर के युवाओं के लिए खास रहा।केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अशोका गार्डन अशोकनगर में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में युवाओं से सीधा संवाद किया। वे इस कार्यक्रम के आकर्षण के केंद्र रहे। अपने सहज और आत्मीय अंदाज में उन्होंने युवाओं से सीधा संवाद किया और उनके विचारों, सपनों तथा आकांक्षाओं को करीब से जाना। युवाओं के बीच देश मे यूथ आइकन के रूप में विशेष पहचान रखने वाले सिंधिया की मौजूदगी ने कार्यक्रम में उत्साह और ऊर्जा का संचार किया। संवाद, संगीत और जोश के संग युवा शक्ति, नए विचारों और नए भारत के संकल्प की झलक दिखी। कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने पूरे जोश और उमंग के साथ सहभागिता की। वहीं, बैंड की शानदार प्रस्तुति ने समां बांध दिया। सिंधिया भी संगीत की इस प्रस्तुति से मंत्रमुग्ध नजर आए और उन्होंने कलाकारों के उत्साहवर्धन के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया। रॉक बैंड की टीम तथा वंश शुक्ला एवं नमन द्वारा संगीतमय प्रस्तुति दी गई। यूथ आइकन के रूप में युवाओं के बीच खास पहचान रखने वाले सिंधिया ने किया सीधा संवाद युवाओं के सवालों, विचारों और सपनों से जुड़े युवा संवाद का माहौल युवाओं की ऊर्जा, रचनात्मकता और नए विचारों से सराबोर रहा। युवाओं के साथ सिंधिया का यह संवाद उनके प्रति आत्मीय जुड़ाव और उनकी प्रतिभा, सोच एवं आकांक्षाओं को महत्व देने का एक जीवंत उदाहरण बना। कार्यक्रम में आते ही वे रैंप पर चले। सभी ने उनका उत्साह से स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने युवा आदित्य यादव,रिमशा खान,दिव्यास यादव,स्मिता योगी,श्रुति यादव सहित अन्य युवाओं से संवाद किया एवं उनके प्रश्नों का जवाब दिया।

### अक्षय कुमार का किया वध, लंका धूं-धूं कर जल उठी

## रामलीला का शानदार मंचन: हनुमान जी ने लंका में पहुंच कर उजाड़ी अशोक वाटिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



रामलीला में बीती रात कई प्रसंग और संवादों के साथ लीला का मंचन दिखाया गया। रामलीला में जानकी माता की तलाश में हनुमान जी पहुंचे और अशोक वाटिका को न केवल उजाड़ा अपितु अक्षयकुमार का भी वध कर दिया,हनुमान जी की पूछ में आग लगाए जाने के बाद हनुमान जी ने सोने की लंका में आग लगा दी। यह सब रामलीला में मंचन के दौरान देखने मिला, कलाकारों के अभिनय को देखकर दर्शक भी देखते रह गये। इस रामलीला की शुरूआत रामायण जी, भगवान गणेशएवं भगवान राम लक्ष्मण व हनुमान जी की आरती से की गई। आरती का सौभाग्य नामदवे समाज के अध्यक्ष रामकिशन नामदेव, उनके साथियों राजू नामदेव व अन्य पदाधिकारियों व समाजजनों द्वारा की गई।

इसी के साथ लीला के प्रथम दृश्य मे वानरो की सेना समुद्र के किनारे पर खड़ी थी सभी विचार कर रहे थे क्या करें तभी संपाति की आवाज सुनाई देती है जो खुश होता है कि इतने सारे बानर मुझे खाने को मिलेंगे फिर संपाति को जटायु की कथा सुनाई जाती है और संपाति द्वारा बतलाया जाता है कि समुद्र के उस पार सीता मां लंका मे बैठी है जो उस और जाएगा वह सीता माँ का पता पाएगा। तभी सभी बानर विचार करते हैं उस और कौन जाए तभी जामवंत जी द्वारा हनुमान जी को शक्ति याद दिलाई जाती हैं और हनुमान जी फिर लंका की ओर प्रस्थान करते हैं रास्ते में सुरसा का संघार करते हुए हनुमान जी लंका में पहुंचते हैं जहां वे लंकनी का संघार करते हैं और उसके पश्चात वे लंका में प्रवेश करते हैं लंका में सीता की खोज करते हुए सर्वप्रथम उनकी भेंट विभीषण जी से होती है जो उन्हें सीता माता का पता बताते हैं फिर हनुमान जी अशोक वाटिका में पहुंचते हैं जहाँ वे बृक्ष के ऊपर जाकर बैठ जाते हैं नीचे रावण आता है और सीता मां को डरा करके चला जाता है फिर हनुमान जी अंगूठी पर नीचे डालते हैं सीता जी रामजी की अंगूठी देखकर के पूछती है अंगूठी लाने वाला कौन है तभी हनुमान जी राम जी की कथा सुनाते हैं और हनुमान और सीता का बहुत ही सुंदर संवाद का मंचन रामलीला में किया गया। वाटिका को उजाड़ने पर रावण अक्षय कुमार को भेजता है हनुमान जी अक्षय कुमार का बध कर देते हैं। रावण मेघनाथ को भेजता है तो हनुमान जी को बंदी बनाकर के रावण के सामने लाकर खड़ा कर देते हैं फिर बहुत ही सुंदर रावण हनुमान संवाद का मंचन किया गया। रावण हनुमान जी की पूछ में आग लगाने का आदेश देता है और हनुमान जी की पूछ में आग लगाते ही हनुमान जी लंका को आग लगा देते हैं ।

### भजन कलाकार मनीष अग्रवाल ने दी भजनों की प्रस्तुति

## अंगना पधारो महारानी मोरी शारदा भवानी भजन की प्रस्तुति पर जमकर झूमे श्रद्धाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

शारदीय नवरात्रि की सप्तमी पर जागेश्वरी शक्तिपीठ पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें भजन कलाकार मनीष अग्रवाल (मोनी बाबा) एवं उनकी टीम द्वारा एक से एक बढ़कर देवी मां के भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों की शानदार प्रस्तुति से उपस्थित श्रद्धालु भजनों पर झूम उठे। भजन संध्या के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। भजन संध्या में मनीष अग्रवाल मौनी बाबा ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। उनके लोकप्रिय भजन 'अंगना पधारो महारानी, मेरी शारदा भवानी' पर श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ जयकारे लगाए। इसके अलावा मोनी बाबा के द्वारा रेवा





भजो रेवा भजो मोरी माई नर्मदा भजो रेवा, बड़ों ऊंचो बनो है तोरो धाम शारदा, दर्शन कर लो आज दर्शन कर लो आज निकले दशहरा पर काली सहित अन्य शानदार भजनों की प्रस्तुति की। भजन गायिका शुभांशिता ठाकुर और अन्य कलाकारों ने भी माता रानी के शानदार भजनों की प्रस्तुति दी।

**पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया:** कलाकारों की सुरमयी प्रस्तुतियों ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। भजनों का कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा और श्रद्धालु भजनों का आनंद लेते रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक निर्मला सप्रे, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष एवं शहडोल संभाग प्रभारी गौरव सिरोठिया, आयोजक निखिल पाठक, पंकज पाठक, सुयश ठाकुर, ब्रजेश साहू सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। आयोजन स्थल पर श्रद्धालु माता रानी की भक्ति में लीन नजर आए।

## मतदाता सूची से पात्र नागरिक न छूटें, लोकतंत्र की मजबूती के लिए आगे आएं : महेंद्र कुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

लोकतंत्र की मजबूती, निष्पक्ष चुनाव और प्रत्येक पात्र नागरिक के मताधिकार की सुरक्षा के लिए शुद्ध मतदाता सूची आवश्यक है। यह बात बीना विधानसभा क्षेत्र 35 के मतदाता पुनरीक्षण सह प्रभारी एवं पूर्व जिला योजना अधिकारी महेंद्र कुमार नवैया ने कही।



नवैया ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) के अंतर्गत 12 नवंबर 2026 को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित होगी। 12 नवंबर से 11 दिसंबर 2026 तक नाम जोड़ने, संशोधन एवं दावे-आपत्तियाँ प्रस्तुत की जा सकेंगी। अंतिम मतदाता सूची 4 जनवरी 2027 को प्रकाशित होगी।

उन्होंने बताया कि मुख्य पात्रता तिथि 1 जनवरी 2027 है। इसके अतिरिक्त 1 अप्रैल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पात्र युवा भी अग्रिम आवेदन कर सकेंगे। नए नाम के लिए फॉर्म 6 तथा संशोधन एवं स्थानांतरण के लिए फॉर्म 8 भरें।

नवैया ने बीना विधानसभा क्षेत्र की जनता जनार्दन, युवाओं, महिलाओं, सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों से अधिकाधिक भागीदारी की अपील की। उन्होंने बीएलए से बूथवार मतदाता सूची का मिलान कर छूटे हुए पात्र मतदाताओं की पहचान करने तथा बीएलओ से समन्वय स्थापित कर आवश्यक आवेदन कराने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि किसी पात्र नागरिक का नाम गलत तरीके से न कटें तथा वृद्धजनों, दिव्यांगजनों और जरूरतमंदों को आवश्यक सहायता मिले। नवैया ने कहा हमारा संकल्प है कि प्रत्येक पात्र नागरिक को मताधिकार मिले, मतदान सभी के लिए सुलभ हो तथा चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी हों। जागरूक मतदाता ही सुरक्षित एवं मजबूत लोकतंत्र की पहचान है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के समस्त बीएलए से आवाह्न किया है कि अपने-अपने क्षेत्र में सभी नवीन मतदाताओं के नाम जुड़वाने में मतदाताओं को जो भी समस्या आ रही है उसे हल करने में आवश्यक सहयोग प्रदान करें आपके कंधों पर लोकतंत्र का भार है। उन्होंने कहा कांग्रेस की जीत भी तभी सुनिश्चित हो सकती है जब आप जनता के बीच में रहेंगे।